e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, रविवार, 22 सितंबर 2019, आश्विन मास कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत् 2075 विक्रमी

वर्ष-12, अंक-334, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

शब्द शब्द संघर्ष

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18



# एसएमएस लखनऊ में तकनीकी प्रतिभाओं का उदय




**लखनऊ।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइसेज के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह के मार्गदर्शन में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्प्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव इलेक्ट्रेट-2019 का धूमधाम से आयोजन किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन के महाप्रबंधक त्रदीप कुमार खरे ने किया। कार्यक्रम में तकनीकी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रस्तुति में प्रदेश के विभिन्न 19 तकनीकी संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। लगभग 462 विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दूसरे दिन लखनऊ की मेयर संयुक्ता भाटिया मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने पूर्व राज्यपाल रामनाईक द्वारा लिखित पुस्तक ''चरैवेति! चरैवेति!'' के माध्यम से छात्रों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ''चलते रहो, चलते रहो'' की प्रेरणा दी। अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने कहा कि समारोह मुख्यत: तकनीकी एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं के प्रस्तुतिकरण के लिये आयोजित किया गया है। संचालन इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं ने किया। एसएमएस के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. (डॉ.) भरतराज सिंह व निदेशक डॉ. मनोज मेहरोत्रा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसएमएस के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) धर्मेन्द्र सिंह, प्रो. (डॉ.) पीके सिंह एवं विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।